संख्या–cm-348
31/07/2025

# मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर जिले में प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं से संबंधित 574.16 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

- **सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों, आशा कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों, मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत 125 यूनिट बिजली के निःशुल्क घरेलू उपभोक्ताओं तथा जीविका दीदियों से मुख्यमंत्री ने किया संवाद**

पटना 31 जुलाई 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुजफ्फरपुर के भगवानपुर चौक के पास आयोजित कार्यक्रम में मुजफ्फरपुर जिले में प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं से संबंधित 574.16 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया।

इसके अंतर्गत 167.68 करोड़ रुपये की लागत से रामदयालु नगर–मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन के बीच माड़ीपुर पावर हाऊस चौक पथ पर रेलवे समपार संख्या 4ए रेलवे कि0मी0 50/36–38 पर आर0ओ0बी0 सह पहुंच पथ का निर्माण कार्य तथा 120.93 करोड़ रुपये की लागत से सिपहापुर से चकमुहब्बत तथा जेल चौक, मुजफ्फरपुर–पूसा रोड से चंदवारा पुल पहुंच पथ तक सड़क का निर्माण कार्य (जगन्नाथ मिश्रा कॉलेज पुल परियोजना फेज–2) शामिल है। साथ ही 44.76 करोड़ रुपये की लागत से चांदनी चौक से रामदयालु नगर तक पथांश के चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य तथा 89.77 करोड़ की लागत से चांदनी चौक से बखरी पथ के 7 कि0मी0 में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का आज शिलान्यास किया गया है। इसके अलावा 52.56 करोड़ की लागत से शिवहर–मीनापुर–कांटी पथ के 20.43 कि0मी0 से 29.80 कि0मी0 में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य तथा 74.18 करोड़ रुपये लागत की शिवहर–मीनापुर–कांटी पथ के कांटी (एन0एच0 28) से रघई घाट पथ के कि0मी0 शून्य से 9.7 कि0मी0 में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य तथा 24.28 करोड़ की लागत से गायघाट प्रखंड अंतर्गत भट्टगामा मधुरपट्टी घाट पर उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल (लंबाई 174.24 मी0) का निर्माण कार्य शामिल है।

शिलान्यास कार्य के पश्चात् मुख्यमंत्री ने टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, पताही में सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से संवाद किया। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री को पेंशन की राशि हर महीने 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये किए जाने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि हमलोग के खाते में 1100 रुपये की राशि आ गई है। इस राशि में बढ़ोतरी से हमारे परिवार को सुविधा हो रही है। इसके लिए हमलोग आपके आभारी हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल प्रदान किया। साथ ही अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के लाभुकों को एक–एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग आपके

सम्मानजनक जीवन–यापन के लिए लगातार काम कर रहे हैं। हमलोग चाहते हैं कि आपलोग अपना जीवन अच्छे ढंग से और गरिमा के साथ जी सकें।

मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत हर घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली प्रतिमाह निःशुल्क किए जाने पर वहां उपस्थित घरेलू उपभोक्ताओं ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे हम सभी को काफी फायदा होगा, इसके लिए आपका दिल से शुक्रिया अदा करते हैं। हमारा परिवार इससे बहुत खुश है। इससे हमलोगों के पारिवारिक खर्च में बचत होगी और बच्चों को पढ़ाई–लिखाई में सुविधा होगी।

वहां उपस्थित आशा कार्यकर्ताओं ने प्रोत्साहन राशि में तिगुणा वृद्धि करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने हमलोगों को काफी सम्मान एवं सुविधा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में आपलोगों की भूमिका महत्वपूर्ण है। आपके मानदेय में वृद्धि की गई है। आपलोग पूरी मुस्तैदी से लोगों के हित में काम करते रहें।

वहां उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों ने मासिक भत्ते में डेढ़ गुणा वृद्धि के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया एवं अंग वस्त्र तथा प्रतीक चिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि आपसब लोगों के हित में और क्षेत्र के विकास के लिए ठीक ढंग से काम करें। आपकी सुविधाओं का सरकार ख्याल रख रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 5642 स्वयं सहायता समूह को 105 करोड़ रुपये का तथा 201 स्वयं सहायता समूह को 2 करोड़ 11 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। वहां उपस्थित जीविका दीदियों ने अपने उत्पादों एवं कार्यकलापों की मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपकी योजनाओं का हमलोगों को काफी लाभ मिल रहा है। हमलोगों के परिवार की तरक्की हो रही है और समाज में सम्मानजनक स्थान मिल रहा है। आपने हमलोगों के लिए काफी काम किया है जिससे हमलोगों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है और हमलोग स्वावलंबी बनकर अपना जीवन–यापन कर रहे हैं। जीविका दीदियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में जब हमलोगों की सरकार बनी उस समय यहां स्वयं सहायता समूहों की संख्या न के बराबर थी। हमलोगों ने वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूह की संख्या को बढ़ाना शुरू किया। आप सभी जीविका दीदियां काफी अच्छा काम कर रही हैं। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम जीविका दिया और आप सब जीविका दीदियां कहलाती हैं। हमलोगों के इस काम से प्रेरित होकर उस समय की केंद्र सरकार ने इस योजना को पूरे देश में आजीविका नाम से लागू किया। आप सभी बुलंदी के साथ रहिए और आगे बढ़िए। सरकार आपलोगों की हर संभव मदद करेगी।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर–बाईपास के निर्माणाधीन आर0ओ0बी0 का निरीक्षण किया। मुजफ्फरपुर बाईपास का निर्माण 250 करोड़ रुपये की लागत से कुल 16.87 किलोमीटर की लंबाई में किया जा रहा है। इस परियोजना में आर०ओ०बी० को छोड़कर शेष सड़क का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बचे हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करें। इसके पूरा होने से मुजफ्फरपुर शहर में यातायात और सुगम होगा।

ज्ञातव्य है कि प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने 5 जनवरी, 2025 को मुजफ्फरपुर जिले के विकास कार्यों को देखा था तथा कई विकास योजनाओं की घोषणाएं की थी। इनमें से कुल सात योजनाओं जिनकी कुल प्राक्कलित राशि 574.16 करोड़ रुपये (पाँच सौ चौहत्तर करोड सोलह लाख रुपये) है, का आज शिलान्यास मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इन सात

योजनाओं में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम की तीन योजनाएँ, पथ निर्माण विभाग की तीन योजनाएँ तथा ग्रामीण कार्य विभाग की एक योजना शामिल है।

कार्यक्रम में जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, पंचायती राज मंत्री श्री केदार प्रसाद गुप्ता, विधान पार्षद श्री दिनेश सिंह, पूर्व मंत्री श्री सुरेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री संदीप कुमार आर0 पुदुकलकट्टी, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के चेयरमैन श्री शीर्षत कपिल अशोक, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त श्री राजकुमार, तिरहुत प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री चंदन कुमार कुशवाहा, मुजफ्फरपुर जिला के जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन, मुजफ्फरपुर जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री सुशील कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******